RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831



निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश


वर्ष : 19 अंक : 209 29 दिसम्बर, 2022 मूल्य : 30/-प्रति











अमरपुरा नागौर में संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक संस्था के प्रस्तावित छात्रावास, धर्मशाला, भोजनशाला, आयुर्वेद/ एक्यूप्रेशर/होम्योपैथिक हॉस्पिटल, संत आवास स्थल, जैन उपासरा, सभा भवन, छात्रावास, भव्य गार्डन व विशाल पार्किंग का साइड प्लॉन

## समाज की 380 प्रतिभाओं के साथ ही प्रवासी समाज बंधुओं का हुआ बहुमान

# शिक्षा से ही समाज, परिवार और राष्ट्र का निर्माण संभव है: कृतिका गहलोत

भीनमाल। शहर के क्षेमकरी माताजी मंदिर तलहटी माली समाज भवन में संत लिखमीदास सेवा संस्थान भीरु ग्रुप के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व प्रवासी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में माली समाज की 380 प्रतिभाओं का सम्मान व प्रवासियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नव चयनित आरजेएस कृतिका गहलोत ने कहा कि शिक्षा से ही समाज, परिवार व राष्ट्र का निर्माण संभव है। शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़कर हम एक नए युग का निर्माण कर सकते हैं। बिना शिक्षा के व्यक्ति अंधे के समान है। उन्होंने कहा कि मूल रूप से चरित्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करना होगा।

इसके साथ-साथ हमें अपनी सकारात्मक सोच बनानी होगी जिससे हम अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। मुख्य वक्ता पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी ने कहा कि शिक्षा से ही समाज शिक्षित बनेगा, शिक्षित परिवार बनेगा तभी सशक्त भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि समाज की एक महत्वपूर्ण विशेषता उसके उद्देश्य में जागरूक होना माना जाता है। क्योंकि जागरूकता के बिना ना तो वह किसी को प्रभावीत कर सकेंगे ना ही किसी से प्रभावित हो सकेंगे। इसी कारण जागरूकता को उस अनिवार्य दशा के रूप मे स्वीकार किया जाना चाहिए जिसके द्वारा सामाजिक संबंधों के कारण समाज का निर्माण होता है। सिरोही माली समाज अध्यक्ष चेताराम ने कहा कि पढ़ाई के साथ रोजगार देने से समाज की उन्नति करता है। समय के साथ समाज में परिवर्तन जरूरी है। जो मेहनत व लगन से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ता है वह निश्चित ही सफलता पाता है। डिस्कॉम सहायक अभियंता भरत देवड़ा ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को निखारने का जो कार्य किया जा रहा है सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज का युवा सबसे ज्यादा नशे का शिकार होता जा रहा है हम सबको मिलकर अपने परिवार में बच्चों को नशे के प्रति सजग रखकर नशा मुक्त समाज बनाने पर जोर देना चाहिए ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके अच्छे समाज के निर्माण से एक अच्छा वातावरण होगा। सीता माली ने प्रतिभाओं से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर सरकारी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने की जरूरत है यह तभी संभव होगा जब शिक्षा के में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ संस्कारों में भी रहकर समाज मे भागीदारी निभानी चाहिए। कार्य म में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जालोर नरेन्द्र परमार, वरिष्ठ अतिथि पीडब्ल्यूडी कनिष्ठ अभियंता भूपेंद्र कुमार सैनी, कनिष्ठ अभियंता पीएचईडी सायला सुशीला सैनी, राष्ट्रीय संयोजक जीएसएस रणछोड़ गहलोत, कृष्ण कुमार सैनी जयपुर, प्रतिष्ठित उद्योगपति अमर गहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंच का संचालन पारसमल सांखला व मीठालाल जांगिड ने किया। सचिव भंवरलाल सोलंकी ने सभी का आभार प्रकट किया। पिछले 18 वर्षो से समाज की इस संस्था द्वारा हर वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार प्रसार के साथ ही प्रतिभाओं को सम्मानित करने की अनूठी परम्परा प्रवासी समाज बंधुओं के साथ मिलकर की है। इसके लिए हम सभी संस्था का आभार प्रकट करते है।















**अवसर पर शोभायात्रा व नानी बाई का मायरा का आयोजन हुआ :**

यात्रा संत लिखमीदास महाराज की जन्म स्थली बड़की बस्ती चेनार तथा राठौड़ी कुआं से प्रारंभ हुई, जहां दोनों शोभा यात्राओं का मिलन महावीर गोशाला रोड गुडला चौराहा के समीप हुआ। सैकड़ों मातृ शक्ति की ओर से कलश धारण कर शोभायात्रा में सहभागिता दी। घोड़े पर सवार समाज की बालिकाओं ने सुसंस्कृत परिधान धारण कर ध्वज पताका सहित शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा में संत रामप्रसाद महाराज, बालेसर के संत रामरतन महाराज, साध्वी सुखीबाई, समदड़ी के संत नरसिंह दास महाराज ने मार्गदर्शन किया। संस्थान कोषाध्यक्ष कमल भाटी व कार्यालय टीम के राधेश्याम टाक ने बताया कि अमरपुरा संस्थान सचिव राधाकिशन तंवर, सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, उपाध्यक्ष देवकिशन सोलंकी, सचिव मनीष कच्छावा, यात्रा प्रभारी सुरेश सोलंकी, प्रेमसुख सांखला, पापा लाल सांखला, अनिल सोलंकी, चेतन गहलोत, दौलत भाटी, मांगीलाल गहलोत ने शोभायात्रा में सहयोग दिया। 5 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रंखला में यज्ञ आयोजन में अनु देवी रेवंत राम, पप्पू देवी बलराम, सरू देवी शेरा राम, पिंकी गहलोत दीपक गहलोत, पुष्पा देवी मोहन सिंह भाटी, लक्ष्मी देवी बसंत राज भाटी, रेखा प्रवीण सोलंकी, पुष्पा देवकिशन सांखला की ओर से यजमान के रूप में यज्ञ में समिधा अर्पित की गई। नानी बाई का मायरा कथा संत रामप्रसाद महाराज ने भक्त नरसी मेहता के अनेक प्रेरक जीवन प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सांवरा सेठ ने भक्त नरसी मेहता की हुंडी का निष्पादन परिस्थिति में किया गया, जब उन्होंने भगवान को निश्चल भाव से स्मरण किया। अमरपुरा कर्म स्थली में संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज द्वारा भी एकात्म भाव से कर्म करते हुए सदैव भगवत स्मरण किया। कथा में संत रामरतन महाराज ने कहा कि व्यक्ति को मन में सदैव संकल्प लेना चाहिए कि इस मन् जीवन को सेवा, सहयोग के माध्य से सफल बनाएंगे। कार्यक्रम में स मुरली राम महाराज का सान्निध्य प्रा हुआ। कथा में आईदान राम भा बहादुर सिंह भाटी, डश्च. शंकरल परिहार, सत्यनारायण परिहार, जेठार सांखला चौखा, चेना राम गहलो सांगरिया, गणेशराम भाटी, मंगलार गहलोत, भोमाराम पंवार वाले चेयरमैन रेवंतराम सांखल सत्यनारायण कच्छावा मौजूद रहे।




# लम्पी महामारी मे गौ-सेवा कार्यो के लिए प्रदीप कुमार कच्छवाह सम्मानित

नागौर। संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा (नागौर) के छठे पाटोत्सव मे माली सैनी समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यक्रम मे अजमेर के प्रदीप कुमार कच्छवाह को उत्कृष्ट समाज-सेवा से नवाजा गया। प्रदीप कच्छवाह केन्द्रीय कर्मचारी होने के नाते ईमानदारी, लगन, निष्ठा से सुबह 9.00 से शाम 6.00 तक रेल-सेवा की नौकरी करते है उसके बाद समाज-सेवा का कार्य करते हुए शनिवार व रविवार को फुल टाईम समाजसेवा के कार्यो में लगाते है।

कभी-कभी तो सेवा-कार्यो तो इनको सेवा कार्यो के चलते आफिस से छुट्टी भी लेनी पडती है। विभिन्न प्रकार की समाज-सेवा करने के लिए घर- परिवार, अधिकारियों से झूठ बोलना पडता है।इस कलयुगी दौर मे दुसरों की सेवा करने मे बहुत मजा आता है। क्योकि लोग अपना स्वार्थ पूरा होते है पहचाना भूल जाते है, इसके अलावा आलोचनाओं,तिरस्कार,अनदेखी का शिकार होना पडता है। जहां जरूरत- मंद, गरीब -तबके, विधवा व बुजुर्ग महिलाओं व दिव्यांग लोगों की उम्मीद खत्म हो जाती है, वही से प्रदीप कुमार कच्छवाह का सेवा-मिशन चालू होता है।

इसके अलावा लम्पी-महामारी के दौरान अजमेर के प्रत्येक वार्डो मे जाकर व आइसोलेशन सेन्टर मे जा कर हर संभव सेवाऐ दी, प्रशासनिक स्तर पर उनके मार्गदर्शन मे तन-मन-धन से सहयोग किया ओर आज भी गौशालाओ मे जाकर सेवाऐ जारी है। राजस्थान के सभी जिलो मे से अजमेर से एक मात्र व्यक्ति हैं प्रदीप कुमार कच्छवाह जिन्हें उत्कृष्ट समाज-सेवा व गौ-सेवा के लिए यह सम्मान मिला। समाजसेवी होने के नाते संत शिरोमणि श्री लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा के पदाधिकारियों ने मेधावी छात्र-छात्राओ को पुरस्कृत करने व उनका उत्साह बढाने हेतु मंच पर बुलाया गया। सभी समाज बंधुओं को नववर्ष - 2023 की शुभकामनायें एवं बधाईयाँ प्रेषित करता हूँ!



महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह : मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की अनेकों घोषणाएं, सैनी समाज को बताया कर्मशील

# सैनी सीसे स्कूल के जिर्णोद्वार के लिए 53 लाख की घोषणा धर्मशाला के लिए समाज को आवेदन करने पर मिलेगी जमीन







हिसार। महाराजा शूर सैनी जयंती के अवसर शहर के सीनियर सेकंडरी स्कूल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सैनी समाज के नेताओं ने राजनीति में भागीदारी बढ़ाने की बात कही। सीएम मनोहर लाल ने चंडीगढ़ से वर्चुअल माध्यम से समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम सुबह दस बजे शुरू हुआ। सीएम को 12.50 पर पहुंचना था। ऐन वक्त पर मंत्री कमल गुप्ता ने मंच से बताया कि खराब मौसम के कारण सीएम चंडीगढ़ से हवाई मार्ग से हिसार नहीं पहुंच पाए। सीएम ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि प्रदेश में सैनी समाज के 1.96 लाख परिवार हैं। अगर संख्या के हिसाब से आंकलन करें तो यह करीब 8 लाख बनती है। अगर एजुकेशन का मूल्यांकन करें तो यह आंकड़ा निकलकर सामने आया है कि इसमें 30 प्रतिशत संख्या स्टूडेंट्स की हैं जो समाज के आगे बढ़ने का शुभ संकेत है। एजुकेशन ही एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए बदलाव लाया जा सकता है। पीपीपी डाटा के अनुसार 24 प्रतिशत जनसंख्या सैनी समाज में महिलाओं की है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आय बढ़ाएं। सरकार एसएचजी को कई प्रकार के वित्तीय लाभ दे रही है। एसएचजी द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए भी बाजार तक पहुंच की व्यवस्था की गई है।

सीएम ने सीनियर सेकंडरी स्कूल के जीर्णोद्वार व नव निर्माण के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा की ओर से 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के लिए जमीन देने की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि समाज के लोगों को आवेदन करना होगा और नियमानुसार धर्मशाला के लिए प्लॉट आवंटित किया जाएगा। अन्य मांगों पर भी विचार कर उन्हें पूरा किया जाएगा।

कहा समाज के 4 प्रतिशत युवा बेरोजगार, देना चाहिए स्किल पर जोर

मुख्यमंत्री ने बताया कि डाटा के अनुसार सैनी समाज के मात्र 4 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। ऐसे युवाओं को स्किलिंग पर जोर देना चाहिए और अपना स्व रोजगार या निजी कंपनियों के साथ जड़ कर काम करना चाहिए और राष्ट्र के नव निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए।

प्रदेश में 1200 परिवार ऐसे जिनकी आय 25 हजार से भी कम

सीएम ने कहा कि प्रदेश में सैनी समाज के 1200 परिवार ऐसे हैं, जिनकी आय 25 हजार से भी कम है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सैनी समाज के लोगों व प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इन परिवारों के आर्थिक उत्थान के लिए आगे आएं।

महाराजा शूरसेन जयंती पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के मौके पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को याद नहीं करता, वह समाज कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए हमें हमारे पूर्वजों के इतिहास को याद रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। हमें अपने पूर्वजों के बताए गए रास्ते एवं पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेना भी ऐसे महापुरुषों के प्रति श्रद्धा रखना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महापुरुषों की जयंतियों को राज्य स्तर पर मनाने का निर्णय लेकर समाज के हर महापुरुष को मान-सम्मान दिया हैं। इसके अलावा सरकार चंद्रशेखर, राजगुरु जैसे सरीखे देशभक्तों की जन्म शताब्दी भी मनाने का कार्य कर रही है, जिससे युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना बढ़ेगी। उन्होंने महाराजा शूरसेन सैनी के महाभारत और रामायण काल के दो दृष्टांत भी सुनाए ।

राज्य स्तरीय समारोह समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि संत समाज व महापुरुष किसी एक वर्ग के न होकर समाज को रास्ता दिखाने वाले होते हैं और उनका गौरवशाली इतिहास हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाए, ताकि सभ्य समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि युवा चरित्रवान होंगे, तो वह समाज व देश तरक्की की ओर अग्रसर होगा।

शिक्षा सबसे बड़ी ताकत : कैप्टन अभिमन्यु

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि यह देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और कमेरा वर्ग का समागम है जो धरती माता का सीना चीर कर उसकी सेवा करके और कभी किसी के आगे हाथ फैला कर नहीं बल्कि अन्यदाता के रूप में सदा सदा से समाज के अंदर गौरव पाने वाली कौम है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट शूरसेन सैनी महाराज को स्मरण करते हुए समाज समागम समारोह में डिप्टी स्पीकर रणबीर करके अपनी वर्तमान स्थिति पर विचार करता है और भविष्य की स्थिति को उच्च बनाने के लिए विचार करता है। आज याद करने का दिन है महात्मा ज्योतिबा फुले को भी, उनकी शिक्षाओं को, उनके आदर्शों को, जिनको उन्होंने सबके सामने रखा। यदि आगे बढ़ना है तो सब बड़ी ताकत विद्या है। जो आपसे कोई छीन नहीं सकता, कोई चोरी नहीं कर सकता, कोई डाका नहीं डाल सकता।





कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मंच से तकरीर दी जा रही थी कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिएए राजनीतिक ताकत मिलनी चाहिए। निःसंदेह राजनीतिक शक्ति ही लोकतंत्र के माध्यम से सबको साथ लेकर कर सबको साथ जोड़कर के देश की सेवा में समाज की सेवा में समर्पित होनी चाहिए। राजनीतिक ताकत बढ़नी चाहिए कोई उस बात को नकार नहीं सकता है। कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़े वर्ग के हितों को लेकर विशेष रूप से कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार हरियाणा सरकार ने भी व्यवस्था परिवर्तन के साथ–साथ संस्कृति को संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले व देश की पहली शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले के रास्ते पर चलते हुए लोगों को शिक्षित करने का काम कर रही है। इसके अलावा बिना पर्ची और खर्ची के युवाओं को रोजगार देने का काम किया जा रहा है। वर्तमान में हर प्रकार की भर्ती में हमारे समाज के युवाओं को योग्यता के आधार पर उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है। समारोह में लोक कलाकारों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से राज्य मंत्री जसवंत सैनी, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी, विधायक विनोद भयाना, विधायक भव्य बिश्नोई के अलावा मेयर गौतम सरदाना, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी, पवन सैनी, जवाहर सिंह सैनी, रवि सैनी, सैनी सभा ट्रस्ट के प्रधान ओमप्रकाश राड़ा, कर्मबीर सैनी, जसवंत सैनी, सुरेन्द्र सैनी, बलवंत सैनी, शिव कुमार सैनी, ईश्वर सैनी, रविन्द्र सैनी, सुशील सैनी सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# रतनगढ़ में समाज के प्रतिभा सम्मान में 70 प्रतिभाओं का सम्मान









रतनगढ़। सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान की आरे से रविवार को हनुमान पार्क स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान प्रदेशाध्यक्ष सुरेशकुमार सैनी ने कहा कि संगठित होकर बच्चों को शिक्षित करें, जिससे समाज व देश का विकास संभव हो सके। चूरू सभापति पायल सैनी ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही सशक्त समाज व देश का निर्माण होता है। हमारा दायित्व बनता है कि हम बालिकाओं को शिक्षित करें। राजकीय आईटीआई प्राचार्य बालकिशन भाटी, बीसूका उपाध्यक्ष आशाराम बालाण, संस्थान जिलाध्यक्ष शंकरलाल बालाण, प्रदेश उपाध्यक्ष महावीरसिंह चौहान, राजस्थान फार्मेसी काउंसिल सदस्य जीतेंद्र शिक्षाविद आचार्य पड़िहार, रामगोपाल शास्त्री ने भी विचार व्यक्त किए।

भामाशाह राधेश्याम महावर की संस्थान संरक्षक अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 70 से ज्यादा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मदनलाल कम्मा व ओमप्रकाश टाक ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। समाज के एक जरूरतमंद परिवार को 1.31 लाख रुपए दिए गए। इस मौके पर छापर पालिकाध्यक्ष श्रवणकुमार सैनी, समाजसेवी चौथमल सुईवाल, सैनी समाज अध्यक्ष महेशकुमार सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मातुराम सैनी, जिलाध्यक्ष शंकरलाल बालाण, टैंट यूनियन जिलाध्यक्ष महावीर महावर, समाजसेवी चेतनराम टाक, पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर कम्मा, संस्थान अध्यक्ष नंदकिशोर गढ़वाल, मोहनलाल राकसिया, गिरधारीलाल राकसिया, शिवशंकर कम्मा, र गौरीशंकर खडोलिया, मांगीलाल चुनवाल, ओमप्रकाश सिंगोदिया, ओमप्रकाश खडोलिया, एडवोकेट आनंद सैनी, विनोदकुमार सुईवाल, दुर्गादत्त कम्मा, गोविंदसिंह चौहान, न मदनलाल गौड़, बाबूलाल कम्मा, 5 पूर्णमल कम्मा, चंद्रप्रकाश सुईवाल, 5 नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम आदि उपस्थित थे। संचालन अशोक वर्मा व परमेश्वरलाल गौड़ ने किया।

# महात्मा फूले के 132वें निर्वाण दिवस पर पूरे देश में श्रद्धा के साथ किया गया याद



**महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि पर सादर नमन। महात्मा फुले ने गरीबों एवं पिछड़ों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिये जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिये शिक्षा का मूलमंत्र दिया, जिससे कमजोर, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी सहभागिता निभा सकें। महात्मा फुले ने छूआछूत, जातिप्रथा एवं पर्दाप्रथा जैसी कुरीतियों के विरूद्ध संगठित एवं शिक्षित समाज की स्थापना की अभिनव पहल की थी।**

**हम समाज से कुरीतियों को दूर करने एवं अशिक्षा के अंधियारे को मिटाते हुए एक विकसित एवं समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करने में सहभागिता निभायें। हम सबका यह दायित्व है कि महापुरूषों के जीवन संदेश का अधिक से अधिक प्रसार करे और समाज में ऐसा माहौल बनाए कि कोई भी बालक-बालिका गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे : अशोक गहलोत**

पूणे। महात्मा फूले समता परिषद, संस्थापक विधायक व पुर्व उप मुख्यमंत्री आदरणीय छगन भुजबल के मुख्य अतिथि में फुले परनिर्वाण दिवस पर 28, नवंबर को फुले वाडा पूना में पर प्रति वर्ष फुले की पगड़ी पहनाकर तथा सम्मानित किया जाता है। उसी संदर्भ में इस वर्ष मान्यवर डाक्टर यशवंत मनोहर को सम्मानित किया है, इसअवसर पर साहित्य कार डाक्टर हरिनरके, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डाक्टर बाबा आढ़ाव, सहित हजारों नागरिक उपस्थित थे, भारत जोड़ो यात्रा में यह किसी कांग्रेस नेताओं के द्वारा लाई गई भीड़ नहीं है, अपने जीवन कम यह पहली बार देख रहा हूं कि देश के कोने कोने से तो लोग आ ही रहे है।

**महात्मा ज्योति बा फुले की 132वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड 709 यूनिट रक्तदान : वरिष्ठ शिक्षक भंवरलाल ने पत्नी सहित परिवार किया रक्तदान**

दिनेश गिरी महाराज सहित संत महात्मा, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजनों ने शिविर में पहुंच कर रक्तदाताओं का किया होंसला अफजाई। सीकर 27 नवंबर ।महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में महात्मा फुले की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर सैनी समाज एवम फुले ब्रिगेड के द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए फुले ब्रिगेड के जिला प्रभारी रमेश पंवार व जिला संगठन मंत्री नरेश होटल तारा पैलेस ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिलन ,सैनी समाज संस्था अध्यक्ष भंवरलाल सैनी, फुले ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी,अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार, राजकुमार दैया, महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान सचिव ओ पी सैनी, उपाध्यक्ष रामगोपाल राकसिया, भाजपा नेता एडवोकेट रतनलाल सैनी,हर्ष सरपंच घीसालाल आदि ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील घोराणा ने बताया की रक्तदान शिविर में सीकर जिले से फुले ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं सहित सर्व समाज के यूवाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 790यूनिट रक्तदान का संग्रहण किया। जिला वरिष्ठ उप प्रमुख सुशील रेटा ने बताया की रक्तदान शिविर में एसएमएस ब्लड बैंक जयपुर,जीवन ज्योति ब्लड बैंक चौमू, एसके ब्लड बैंक सीकर, वीके जैन ब्लड बैंक सीकर आदि टीमों ने रक्त संग्रहण किया। शहर यूथ विंग अध्यक्ष देवेंद्र सैनी ने बताया की शिविर में रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिए विनोद सैनी नटखट ग्रुप, सुनील गहलोत आनीया ग्रुप, रमेश पंवार मंगलम ग्रुप, होटल तारा पैलेस, होटल वासु, मुकेश खडोलिया, खड़ोलिया इंटरप्राइजेज ने उपहार भेंट किए।

शहर संगठन मंत्री रामोतार ने बताया की रक्तदान शिविर में 104 बार रतदान करने पर बीएल मील का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक भंवरलाल ने अपनी पत्नी एवम पुत्र-पुत्री सहित सपरिवार रक्तदान किया। रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिए गौ संरक्षण एवम संवर्धन प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गिरी महाराज, सीकर उप पंजीयक भीमसेन सैनी, फुले ब्रिगेड राष्ट्रीय संयोजक चंद्रप्रकाश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सैनी, भीम सेना प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिड़तिया, पूर्व सभापति राजेश्वरी सैनी, गणपत सैनी, रामावतार सिंगोदिया, पूर्णमल राकसिया, महावीर जाजम मनोज राकसिया लक्ष्मणगढ़, विनोद सांखला सेठो की कोठी, मनोज सैनी धाभाईयो की ढाणी, जितेन्द्र टाक लक्ष्मणगढ़, संदीप रामगढ़ शेखावाटी, रामनिवास फतेहपुर, सुशील फतेहपुर, दीनदयाल नेछवा, प्रताप गोरधनपुरा, दौलत कोचोर, बजरंग रेटा, शंकर हर्ष, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता गटाला, शिवसिंहपुरा सरपंच महावीर कॉमरेड,जिला परिषद सदस्य परमानंद सैनी,कांग्रेस नेता वरिष्ठ पार्षद सुरेश सैनी, राजेश शिव सेना जिला अध्यक्ष, सैनी जागृति संस्था अध्यक्ष विष्णु सिंगोदिया, मुकेश आशीर्वाद ग्रुप, पंचायत समिति सदस्य प्रेम चंद सिंगोदिया, पूर्व पार्षद प्रेमचंद सैनी, हेमंत सांखला, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, सुरेंद्र महासचिव, योगेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, पार्षद शंकर लाल सांखला, संजय सैनी, पार्षद रवि सैनी, रामअवतार सिंगोदिया, संदीप सैनी क्रिकेट एकेडमी, गौरव सैनी, यूथ विंग अध्यक्ष देवेंद्र सैनी, एचडीएफसी बैंक से महेंद्र कुमार, आशीष दीक्षित, जीतू सुईवाल, भंवर लाल गनेड़ी, पंकज कैर की ढाणी, गौतम बोदलासी, कांग्रेस नेता गोविंद सैनी, कमलकिशोर, नेमीचंद इंदौरिया, पूर्व पार्षद रामप्रताप,














मोती करोड़िया, शुभम, बंटी, गगन, देवेश, रामोतार बागड़ी, श्रवण, रामनिवास मंडा, मुकेश मंडा, राकेश सैनी,सहित बड़ी तादाद में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे ।

पाली। पत्रिका ज्योतिबा फुले की 132 वीं पुण्यतिथि सोमवार को शहर के ज्योतिबा फुले सर्किल पर श्रद्धा से मनाई। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल सोलंकी ने बताया कि राष्ट्रीय फुले बिग्रेड जिलाध्यक्ष पप्पसा सोलंकी के नेतृत्व में वाहन रैली निकाली। जो शहर के विभिन्न मागो से होकर ज्योतिबा फुले सर्किल पहुंची। वहां मुख्य अतिथि विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व विधायक भीमराज भाटी, रोहट प्रधान सुनिता राजपुरोहित, पाली प्रधान मोहिनी देवी पटेल, महेन्द्र बोहरा, पार्षद राकेश भाटी आदि ने फुले की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। अध्यक्षता माली समाज अध्यक्ष कैलाश काबली ने की। इस मौके छंवरलाल कच्छवाह, देवीलाल सांखला, प्रदीप कच्छवाह, चम्पालाल कच्छवाह, देवराज भाटी, सोहनलाल टांक, रुकमा देवी आदि मौजूद रहे।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री गणपत मेघवाल के नेतृत्व में फुले को पुष्प अर्पित कर नमन किया। मोर्चा के पूर्व जिला प्रवक्ता रामलाल चौहान ने बताया कि इस मौके महाराणा प्रताप मण्डल महामंत्री राजेश डांगी, मण्डल उपाध्यक्ष प्रेमसिंह महेचा, मनोहरलाल रैगर, पार्षद अशोक शर्मा, सुदर्शन देवासी, डॉ. दिलीपसिंह, रामलाल चौहान, नीलू कटारिया आदि मौजूद रहे। इसके अलावा देशभर में सर्व समाज द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले की पुण्यतिथि

# माली संस्थान, जोधपुर के 5वर्षीय चुनाव 22 जनवरी, 2023 को घोषित

जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के चुनावों की हुई घोषणा दिनांक 22 जनवरी, 2023 को होगें चुनाव। संस्थान की कार्यकारिणी मिटिंग में हुए निर्णय अनुसार वयोवृद्ध प्रशासनिक अधिकारी हजारी सिंह टाक को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात रहे वर्तमान कार्यकारिणी का 5वर्षीय कार्यकाल जनवरी, 2023 में समाप्त हो रहा है। वर्तमान में अध्यक्ष का कार्यकारी पदभार प्रेमसिंह परिहार के पास है जो कि निर्वतमान अध्यक्ष पुखराज सांखला के निधन के बाद रिक्त होने पर नियमानुसार उन्हें दिया गया था।

चुनाव अधिकारी हजारी सिंह टाक ने जानकारी देते हुए बताया कि माली संस्थान, जोधपुर के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री 2, संयुक्त मंत्री, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए 5 जनवरी, 2023 तक संस्थान की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी समाज बंधु मतदान कर सकेगें। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सदस्यता सूचि में आपत्ति अथवा संशोधन 9 जनवरी, 2023 को 4 बजे तक हो सकेगें। मनोनयन पत्र प्राप्त करने की तिथि 11 जनवरी, 2023 है व जमा करवाने की तिथि 12 जनवरी, 2023 सांय 5 बजे है। मनोनयन पत्रों की जांच 13 जनवरी, 2023 को दोपहर 2 से 5 बजे तक होगी। नाम वापस लेने की तिथि 14 जनवरी, 2023 को 5 बजे तक है। इसके बाद चुनाव चिन्ह का आबंटन 15 जनवरी, को दोपहर में किया जाएगा। आवश्यकता होने पर 22 जनवरी, 2023 को प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद दिनांक 23 जनवरी, 2023 को प्रात: 8 बजे से गणना पूर्ण होने के पश्चात चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। मतदान केन्द्र सुमेर स्कूल महामंदिर, जोधपुर रखा गया है तथा मतदान के लिए संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र के अलावा सरकार द्वारा जारी मयफोटो परिचय पत्र मान्य होगा। अभी संस्थान के करीब 9हजार आजीवन सदस्य है तथा 5 जनवरी, 2023 तक सदस्यता ग्रहण करने वाले समाज बंधु भी मताधिकार का उपयोग कर सकेगें।

### सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीनों गांव नागौर के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा ने अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि छात्रावास सुदृढ़ करने के साथ हॉस्पिटल का कराएंगे निर्माण

# माली समाज के चार चुनाव में तीसरी बार अध्यक्ष बने कृपाराम देवड़ा लोकेश टाक को 124 वोटों से हराया, कुल 4864 में से 3802 वोट पड़े



नागौर।डीडवाना रोड स्थित माली समाज भवन में बुधवार को सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीनों गांव नागौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान देवड़ा ने बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं बताई। देवड़ा ने कहा कि समाज के विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। इसके लिए सभी को साथ मिलकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह समाज को प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। विद्यार्थी समाज के साथ ही देश की आधारशिला होते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए माली समाज के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए छात्रावास को सुदृढ़ बनाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसी के साथ समाज के लोगों के साथ मिलकर चिकित्सा सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जल्द ही कार्य योजना तैयार की जाएगी।

नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में देवकिशन सोलंकी को उपाध्यक्ष, कैलाश गहलोत को कोषाध्यक्ष, कालूराम सोलंकी को सह सचिव तथा मनीष कच्छावा को सचिव का पदभार सौंपा गया। माली समाज के चुनाव में अध्यक्ष देवड़ा के अलावा देवकिशन सोलंकी, पाराम टाक, मनीष कच्छावा, हेमंत टाक, कैलाश गहलोत, कालूराम सोलंकी, अर्जुनराम कच्छावा, मुकेश पंवार, धर्मेंद्र सोलंकी, पन्नालाल कच्छावा. अशोक भाटी, हुक्मसिंह सोलंकी, रामचंद्र सांखला, इंद्रचंद कच्छावा, चौनाराम परिहार, शंकरलाल भाटी,इंद्रचंद कच्छावाह आदि अन्य सदस्य चुने गए हैं।

सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीन गांव नागौर के अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में रविवार को हुए, जिसमें देर रात आए परिणामों में पाराम देवड़ा ने लोकेश टाक को 124 मतों के अंतर से हरा दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह कच्छावाह ने बताया कि मतगणना 4 चरणों में की गई, जो 27 नवंबर की रात्रि 7 बजे से देर रात 12.45 बजे तक चली। माली समाज चुनाव में यह चौथा चुनाव है। पहले दो चुनाव तीन तीन सालों का हुआ, जिसमे कृपाराम देवड़ा दो बार विजयी रहे। तीसरे पांच वर्ष के चुनाव में रामस्वरूप पंवार विजय रहे। इस बार माली समाज के चौथे चुनाव में फिर से कृपाराम देवड़ा अध्यक्ष पद के लिए खड़े हुए और जीते। देवड़ा को 1907 तो लोकेश टाक को 1783 मत मिले। रात को समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। प्रथम चरण में कृपाराम देवड़ा 500 व लोकेश 422, द्वितीय चरण में पाराम देवड़ा 444 व लोकेश 452, तीसरे चरण में देवड़ा 444 व लोकेश 454, चतुर्थ चरण में देवड़ा 518 व लोकेश को 455 मत मिले। मतगणना के पहले राउंड में पाराम 78 वोटों से, दूसरे राउंड में भी पाराम 70 वोटों से आगे रहे। तीसरे राउंड में 60 वोटों से आगे रहे। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान पुलिस की ओर से 150 जवान तैनात रहे।

कुल 4864 मतदाताओं में से 3802 वोट पड़े, मतदान प्रतिशत 78.16 प्रतिशत रहा, सैनिक क्षत्रिय माली समाज (तीन गांव न्यात) के चुनाव में अध्यक्ष सहित 20 सदस्यों के लिए मतदान रविवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक डीडवाना रोड स्थित माली समाज संस्थान के भवन में चला। जिसमें दोपहर 2 बजे तक यहाँ 50 प्रतिशत मतदान तथा शाम 5 बजे तक कुल 4864 मतदाताओं में से 3802 वोट पड़े, जिसमें मतदान प्रतिशत 78.16 प्रतिशत रहा। इस मौके पर महिलाओं व बुजुर्गों व विकलांग व्यक्तियों में भी माली समाज चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। लोगों ने वोट देने के लिए कतार में खड़े होकर मतदान किया। माली समाज भवन के बाहर मेला सा नजर आया। चुनाव में एक दर्जन बूथ रहे। देर रात परिणाम आने के बाद विजयी पक्ष की ओर से आतिशबाजी भी की गई। इस दौरान पुलिस दल भी मौजूद रहा।



# 23वीं पुण्यतिथि पर स्व. लिखीराम कावरे को श्रृद्धा सुमन अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

## स्व. लिखीराम कावरे के पदचिन्हों पर चलकर ही दे पाएंगे जिले को ऊँचाईयां – रामकिशोर कावरे

म.प्र. शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री स्वर्गीय लिखीराम कावरे की 23 वीं पुण्यतिथि पर आज हजारों लोगों ने स्थानीय कावरे चौक समाधि स्थल पर पहुंचकर स्वर्गीय कावरे जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर प्रात: समय मे सर्वप्रथम समाधि स्थल पर गायत्री यज्ञ करते हुए स्व. कावरे जी की आत्मशांति के लिए हवन पूजन कर आहुतियां दी गई। अपने लाडले नेता को श्रृद्धांजली देने सुबह से ही लोग समाधि स्थल पहुंचने लगे और यह सिलसिला लगातार देर शाम तक चलते रहा।



इस अवसर पर संगीत महाविद्यालय, गुरूकुल के कलाकारों द्वारा सुमधुर, स्वरांजली प्रस्तुत करते हुए श्रृद्धांजली दी गई। इस आयोजन मे उपस्थित जनसमुदाय के लिए राणा हनुमान सिंह महाविद्यालय एवं ब्राईट कैरियर स्कूल में भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

**यह रहे प्रमुख रुप से उपस्थित** श्रृद्धांजली कार्यक्रम में प्रमुख रुप से आयुष मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, खनिज निगम अध्यक्ष विधायक प्रदीप जायसवाल, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, कटंगी विधायक टामलाल सहारे, बैहर विधायक संजय उइके, पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार, मधु भगत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुंबे, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि भारत जोड़ो याला समन्वयक अनुराग चतुरमोहता, जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, समाजसेवी राजेश पाठक, संजय सिंह कछवाहा, डाली कावरे, मुकेश जोशी, मुकेश चौहान, मीरा राधेश्याम सिंघनदुपे, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युसूफपटेल, अर्चना खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी, देवेन्द्र खोंगल, अजय अवसरे, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बेनीराम खोटेले, पूर्व जनपद अध्यक्ष दुर्गा खोटेले, जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, जनपद उपाध्यक्ष भुवनभाऊ राहंगडाले, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रहीम खान, जुगल शर्मा, शेषराम राहंगडाले, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना लिल्हारे, शमीम सिद्दीकी, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष जोबनी पड़ी प्रकोष्ठ नेता मकसुद खान, राकेश सिंगारे, आशुतोष बिसेन, मरार माली समाज ब्लश्वक अध्यक्ष हिम्मतलाल गढ़वंशी, सचिव जगदीश पांचे, बंटी अर्जुनवार, हरीश लिल्हारे किरनापुर पंचायत के पूर्व उपसरपंच समद ताजर, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मंगलप्रसाद रैकवार, मनीष भिमटे सहित पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र एवं छ.ग. से सहित जिले भर से बड़ी संख्या आए हुए लोगों सहित बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा एवं एसपी समीर सौरभ व शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्व. लिखीराम कावरे को अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। वही पूर्व विधायक श्रीमति

पुष्पलता कावरे एवं लांजी किरनापुर विधायक हिना कावरे ने इस अवसर पर लोगों की उपस्थिति के लिए उनका आभार जताया।

प्रदेश शासन के आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे ने स्व. लिखिराम कावरे को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. लिखिराम कावरे जी हम सभी के आदर्श थे। कावरे जी से हमने यही सिखा कि हम सभी भले ही अलग अलग राजनीतिक दलों से हो, लेकिन जब भी जिले के विकास की बात तो सभी मिलकर प्रयास करें, और उनके ही पदचिन्हों पर चलकर हम जिले को प्रगति और नए आयाम देने में जुट हुए हैं। कावरे ने कहा कि सौभाग्य से मैं भी कावरे परिवार से ही हूं, इसलिये मुझे प्रदेश और देश के अनेक भागों में लोग मिलते हैं तो वे स्व. लिखिराम कावरे जी को जरूर याद करते हैं। कावरे जी ने ना सिर्फ रे प्रदेश और देश में समाज को एकजुट करने का और प्रदेश में क्षेत्र को अलग पहचान देने का काम उन्होंने किया है और उन्हीं की तरह जिले का विकास और क्षेत्र की गरीब जनता की पहली सेवा ही हमारी प्राथमिकता है।

**यह नियती ही है कि समय ने हमसे एक संघर्षशील, जुझारू एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व लिखिराम कावरे को वक्तसे बहुत पहले छीन लिया :**

दृढ़ निश्चय के साथ सक्रिय रहते हुए कर्मठ एवं द्य ऊर्जावान जनप्रतिनिधी के रूप में एक अलग पहचान बनाने वाले लिखिराम कावरे के नाम अनेक उपलब्धियां जुड़ी हुई हैं। किरनापुर के एक छोटे से गांव सोनपुरी में सामान्य षक परिवार में १५ सितम्बर १९५७ को जन्मे लिखिराम कावरे ने समाजसेवा के साथ ही देश सेवा करने का संकल्प लेते हुए राजनीति में प्रवेश किया। कर्मचारी से लेकर राजनीति के शिखर तक उनका सामान्य जीवन अनेक उतार-चढ़ाव के साथ ही सुख-दुख के अनुभव से भरा रहा। किरनापुर से विधायक बनने के उपरांत वे तात्कालीन प्रदेश सरकार में सर्वप्रथम वनमंत्री इसके उपरांत आबकारी तथा परिवहन मंत्री के रूप में अपने दायित्व को निभाते हुए अपने सम्पूर्ण कार्यकाल में प्रदेश को विकास की ओर ले जाने जीवन के अंतिम क्षणों तक प्रयासरत रहे।

**किरनापुर से लगाई थी जीत की हैट्रिक**

राजनीति में रूचि के चलते ८० के दशक में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में १९८५ में विधानसभा किरनापुर से भाग्य आजमाने श्री कावरे विधानसभा चुनाव में उतर पड़े लेकिन उन्हें अपने प्रथम चुनाव में सफलता हासिल नहीं हुई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और फिर अगली बार ५ वर्ष बाद चुनाव में उनके जनाधार का ही परिणाम था कि वर्ष १९९द्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उन्हें विधानसभा चुनाव में अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया। कांग्रेस ने जो उन पर विश्वास जताया था उस पर वे खरे उतरते हुए १९९द्र के चुनाव में उन्होंने एतिहासिक जीत हासिल करते हुए कांग्रेस का परचम लहरा दिया और यहां से उनकी एक लंबी राजनीतिक पारी की शुरूआत हुई। विधानसभा किरनापुर से निरंतर तीन बार जीत दर्ज करते हुए किरनापुर सीट पर जीत की हैट्रिक बना दी और उन्होंने राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में जिले को वह सब देने का प्रयास किया जिसकी जनता अपेक्षा करती थी।

**लोकप्रिय एवं जुझारू जनप्रतिनिधी के रूप में रही अमिट छाप है हिना कावरे की :**

लाजी किरनापुर क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे बढ़ाते हुए उन्नत एवं सम्पन्न बनाने का दृढ़ निश्चय करने वाली लिखिराम कावरे की पुत्री हिना कावरे युवावस्था में ही २०१३ के विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाने चुनावी समर में उत्तरी और जनता के अपार स्नेह एवं आर्शीवाद से वे सम्पूर्ण जिले में सर्वाधिक वोटों से विजयी हो गई। अपने

प्रथम कार्यकाल में ही हिना ने लांजी किरनापुर के छोटे से छोटे ग्रामों की समस्याओं को गंभीरता के साथ समझते हुए उसका समाधान किया और इसी का परिणाम है कि वर्ष २०१८ के विधानसभा चुनाव में लांजी किरनापुरवासियों ने उन्हें पुन: एक बार एतिहासिक मतों से विजयी बना दिया। युवा हिना की कार्यशैली, ऊर्जाशक्ति एवं संगठन क्षमता का ही पर्याय है कि १५वीं विधानसभा में उन्हें महत्वपूर्ण जवाबदारी देते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष जैसे प्रमुख पद पर आसीन किया गया थी। वर्तमान समय में वे क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले की ऊर्जावान, लोकप्रिय जनप्रतिनिधी के रूप में अपनी अमिट छाप बनाने में सफल होती दिखाई देती हैं।

**पिता के सपनों को साकार करती हिना कावरे ने इंटरनेशनल विजिटर लीडरशिप प्रोग्राम अमेरिका में लिया हिस्सा**

अकस्मात ही लिखिराम कावरे के चले जाने के बाद क्षेत्र की बागडोर उनकी धर्मपत्नि श्रीमती पुष्पलता कावरे के हाथों आई और उन्होंने विधायक रहते हुए क्षेत्र को अनेक सौगातें देते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र को आगे बढ़ाने का कार्य बखूबी किया। श्रीमती कावरे किरनापुर क्षेत्र से दो बार निर्वाचित हुई एवं उन्होंने किरनापुर को तहसील का दर्जा दिलाने, महाविद्यालय निर्माण, आईटीआई, सर्व सुविधायुक्त चिकित्सालय की सुविधा के साथ ही रामीण अंचलों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने, नवीन स्कूलों की आधारशिला रखी। छोटे गांवों को सड़कों माध्यम से जोड़ने, बिजली-पानी की समस्याओं का समाधान करने, कृषकों को सिंचाई सुविधा मुहैया उपलब्ध कराने, नहरों की हालत हो बेहतर बनाने जैसे कई सफल प्रयास उनके खाते में हमेशा दर्ज हैं। एक सामान्य व्यक्ति से प्रारंभ किया हुआ लिखिराम कावरे का सफर मंत्री पद तक पहुंचने के बावजूद भी सामान्य ही बना रहा और उन्होंने आमजन की तरह ही अपना जीवन बिताया। श्री कावरे ने अपनी अंतिम सांसों तक जीवन को एक लक्ष्य के रूप में जीते हुए विकासशील सोच तथा सामान्य व्यवहार के चलते वे अन्य राजनेताओं से परे थे १५ दिसम्बर १९९९ की रात उनकी लोकप्रियता के लिए काल बनकर आई और उन पर हुए प्राणघातक हमले में उन्होंने अपनी अंतिम सांसें ली लेकिन अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए एक दूर दृष्टा राजनीतिज्ञ के रूप में विकास की धारा बहाने वाले शहीद लिखिराम कावरे को पुण्यतिथी ही नहीं बल्कि जन्म-जन्मांतर तक याद किया जाएगा और वर्तमान समय में उनकी बेटी लाजी विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे उनके अधूरे सपनों को साकार कर रही है तथा हाल ही में ११ नवम्बर २०२२ को विधायक हिना कावरे इंटरनेशनल विजिटर लीडरशिप प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए २१ दिनों के लिए अमेरिका के वाशिंगटन डीसी पहुंची थी जहां भारतीय विधायको के दल ने डेनवर न्यूयॉर्क, शिकागो, लुईसवेली राज्यों का दौरा किया। देखा जाए तो अमेरिका में इस कार्यक्रम के लिए चयनित होना काफी अहम माना जाता है जहां से उन्होंने क्षेत्र के विकास की अनेक संभावनाओं का अनुभव लिया।



कावरे चौक किरनापुर में स्थित कावरेजी के समाधि स्थल पर प्रात 10 बजे से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए एवं इसके पश्चात उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने का तांता लगा रहा एवं सुबह से लेकर देर शाम तक भजन संध्या का आयोजन संगीत महाविद्यालय गुरूकुल के कलाकारों का भी रहा और भावपूर्ण रूप से आगंतुक इस भजन संध्या के साथ ही कावरेजी को नमन करते रहे। देर शाम तक हजारों की संख्या में यहां उनके चाहने वाले पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

**जन-जन के नेता थे लिखीराम कावरे :** जननेता लिखीराम कावरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि लिखीराम कावरे एक दूददृष्टा नेता थे जो क्षेत्र के ही नहीं बल्कि संपूर्ण जिले के विकास के लिए दृढ़ निश्चयी थे। जिले के प्रति उनके लगाव का ही परिणाम है कि उनकी पुण्यतिथि पर दूर-दूर से उनके चाहने वाले समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते है। सही मायने में देखा जाएं तो वह एक ऐसे जनप्रतिनिधि थे जो सभी समाज के लिए सोचा करते थे। असमय वे हमारे बीच से अगर चले नहीं जाते तो जिले का स्वरूप विकासशील होता।

# वीर शिरोमणि राव हेमा को पुष्पाजंलि अर्पित कर याद किया

जोधपुर। सैनिक क्षत्रिय युवा संगठन और सैनिक क्षत्रिय माली सांस्कृतिक संवर्धन एवं इतिहास शोध संस्थान, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में मण्डोर उद्यान स्थित वीर शिरोमणि राव हेमा गहलोत भोमियाजी थान पर पौष वदी 10 को भजन संध्या एवं पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर सैनिक क्षत्रिय युवा संगठन के पुनीत सिंह गहलोत ने कहा कि समाज के युवाओं को वीर शिरोमणि राव हेमा गहलोत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अनुसरण एक सुदृढ़ समाज और राष्ट्र के निर्माण में सदैव तत्वर रहना चाहिए। सैनिक क्षत्रिय माली सांस्कृतिक संवर्धन एवं इतिहास शोध संस्थान के अध्यक्ष आनंद सिंह परिहार ने वीर शिरोमणि राव हेमा गहलोत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने 631 वर्ष पूर्व बालेसर के इंदा परिहारों की प्रधानी में मण्डोर पर शासित तुर्कां पर योजनाबद्ध तरीके से हमला कर विजय पाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस विजय उपरांत मण्डोर के शासक बने चूंडा राठौड़ ने पौष वदी 10 विक्रम संवत 1449 को हेमा गहलोत को मण्डोर की जागीर प्रदान की। मण्डोर उद्यान में दिखाए जाने वाले लाइट्स एवं साउंड शो में भी हेमा गहलोत के इतिहास की झलक दिखाई जा रही है।



इस अवसर पर युवा संगठन के रितेश सिंह गहलोत, लतेश गहलोत, मंथन गहलोत, पुष्कल तंवर, लक्ष्मण गहलोत, प्रियांशु गहलोत, कवंराराम देवड़ा, जसवंत गहलोत, धीरेन्द्र सिंह गहलोत, स्नेहदीप टाक एवं समाज के युवाओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर राव हेमा के दिखाएं मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

4-5 साल से सैनी समाज की दोनों बेटियां जीतकर टोंक का नाम रोशन कर रही है

# वेटलिफ्टिंग में ननद-भाभी ने दिखाया दम, 120 किलो वजन उठाकर सुगना सैनी ने गोल्ड, रेखा सैनी ने 118 किलो भार उठाया, कांस्य जीता







टौंक। राजस्थान सीनियर वेटलिफ्टिंग जयपुर आयोजित प्रतियोगिता में एक बार फिर ननद भोजाई रेखा सैनी व सुगना सैनी ने मेडल जीतकर टोंक का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी ननद- भाभी राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त कर चुकी है। शेरा पावर जिम के गफूर शेरा ने बताया कि 59 किलोग्राम में सुगना सैनी ने 120 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार 55 किलोभार वर्ग में रेखा सैनी ने 118 किलोग्राम वजन उठाकर कास्य पदक पर कब्जा जमाया।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार-पांच साल से सैनी समाज की दोनों बेटियां मेडल जीतकर टोंक का नाम रोशन कर रही है। इस बार भी नेशनल खेलने का मार्ग प्रशस्त किया है। उनकी इस जीत पर खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है। उल्लेखनीय है कि 2014 से पहले तक उनको वेट लिफ्टिंग के बारे में सही जानकारी तक नहीं थी। ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य करने वाली ये ननद-भोजाई वर्तमान में वेट लिफ्टिंग में राज्य स्तर में महिला वर्ग में 2014 से मेडल जीत रही है। आगे उनका सपना है कि वो वेट लिफ्टिंग में देश का नाम रोशन करें। राज्य स्तरीय सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में सुगना सैनी एवं रेखा सैनी 2014 से लगातार मेडल जीत रही है। उदयपुर में गत वर्षो आयोजित प्रतियोगिता में ननद रेखा सैनी ने 49 किलोवर्ग में भाभी सुगना सैनी ने 45 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। 2017 में दौसा में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सुगना सैनी एवं रेखा सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए। तथा जूनियर राजस्थान स्टेट बैट लिफ्टिंग ओपन चौंपियनशिप में टोक कि सुगना ने अपना रिकार्ड तोड़ते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। उसने 45 किलो स्नेक प्लस 60 किलो क्लीन स्नेच प्लस 60 किलो क्लीन एंड जर्क में टोटल भार 110 किलो वजन उठाकर गोल्ड मेडल हासिल किया था। इसी प्रकार 53 किलो बेट में रेखा सैनी ने स्नेच में 50 किलो एवं क्लीन एंड जर्क में 60 किलो प्लस टोटल भार 110 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इससे पूर्व भी वो मेडल प्राप्त कर चुकी है। समस्त माली सैनी समाज टोंक द्वारा राजस्थान सीनियर वेटलिफ्टिंग आयोजित प्रतियोगिता में टोंक व सैनी समाज का नाम राज्य स्तर पर रोशन करने पर रेखा सैनी एवं संगीता सैनी को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया इस उपलक्ष में संगीता सैनी एवं रेखा ने समाज के छात्राओं छात्र छात्राओं को खेलों के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि रखने के लिए कहा । इस उपलक्ष में सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी पूर्व जिला अध्यक्ष बबिता सैनी महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संतोष सैनी कमलेश सोलंकी रामराज सरसवाल कालूराम गढ़वाल राकेश सैनी महेंद्र सैनी गिराज सैनी महावीर सैनी सुरेश सैनी गणेश सैनी मुकेश सैनी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

समाज में इन नणद भौजाई के वैट लिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में लगातार सफलता प्राप्त करने के चर्चे चल रहे है साथ ही सभी इन दोनों महिलाओं को हार्दिक बधाई भी प्रेषित कर रहे है जिन्होंने घर की जिम्मेदारियों के साथ इस मुश्किल खेल में अपनी प्रतिभा के दम पर समाज और राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन से अनेकों पदक जीत सफलता पाई है। हम दोनों महिलाओं को पुनः शुभकामनाओं प्रेषित करते है।

## टेक्निकल योगी : योगेन्द्र सैनी कभी चाय की थड़ी पर धोते थे कप प्लेट, आज देश के बड़े यू-ट्यूबर

अलवर। हार नहीं मानने वाले ही सफलता के शिखर पर पहुंच पाते हैं। शहर के युवा योगेंद्र सैनी भी ऐसे ही सफल इंसान हैं, जो कभी चाय की थड़ी पर कप-प्लेट धोते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया इन्हें टेक्निकल योगी के नाम से जानती है। योगी 12 व 13 दिसंबर को गूगल के हैंड ऑफिस सिंगापुर में आयोजित शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सम्मेलन में कई देशों के वीडियो कंट्रीब्यूटर और प्रोडक्ट एक्सपर्ट हिस्सा लेंगे।

**दिन में काम और रात में करते थे पढ़ाई :**

शहर के अपना घर शालीमार सोसायटी में रहने वाले योगी जब बहुत छोटे थे तो इनके पिता की मृत्यु हो गई थी मजबूरी में घर चलाने के लिए चाय की ठेले पर कप प्लेट धोते थे। अखबार बांटने व मजदूरी पर भी जाते थे दिन में नौकरी करते और रात को



पढ़ाई करते। कक्षा आठ से स्नातक की पढ़ाई ऐसे ही हालात में की। बीजेएमसी भी की है। इनके पास कभी कच्चा मकान था, लेकिन आज आलीशान मकान बन रहे हैं। एक दोस्त की सलाह पर वर्ष 2016 में एक दोस्त के कहने पर योगी ने यू-ट्यूब चौनल बनाकर उस पर वीडियो डालने शुरू किए। अभी तक दो हजार से यादा वीडियो बना चुके हैं। उनके टेक्निकल योगी चौनल पर फिलहाल 16 लाख 80 हजार खे क्रिएटर गाइड पर एक लाख 72 हजार है। टेक्निकल योगी चौनल को 2018 में सिल्वर व 2020 में गोल्डन प्ले अवार्ड मिला। क्रिएटर गाइड को 2022 में सिल्वर अवार्ड मिल चुका है। यू-ट्यूब ने उन्हें जनवरी 2021 में प्रोडक्ट एक्सपर्ट और यू-ट्यूब वीडियो कंट्रीब्यूटर के रूप में चुना।

# स्टेट ओपन जूनियर जूडो चैंपियनशिप में रामपुरा की पूजा सैनी ने किया कमाल, मजदूर परिवार में अभावों के साथ पली



सीकर। मजदूर परिवारों में अभावों के साथ पली रामपुरा खंडेला के जूडो खिलाड़ियों ने ओपन स्टेट टूर्नामेंट में दो स्वर्ण,एक रजत व दो कांस्य कुल पांच पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। भरतपुर में आयोजित पुरूष- महिला वर्ग की राजस्थान ओपन स्टेट जूनियर जूडो चैंपियनशिप में पूजा सैनी ने 70 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक और विपुल सैनी ने 100 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर रांची(झारखंड) में होने वाली चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई।

**असम के होटल में काम करते है विपुल के पिता**

रायपुर निवासी विपुल सैनी के पिता महावीर प्रसाद सैनी असम के एक होटल में मजदूरी और माता निर्मला देवी गृहिणी है। विपुल खंडेला के सेट्रेल स्कूल में कक्षा 12वीं का विद्यार्थी है। रामपुरा में लंबें समय जूडा का प्रशिक्षण प्राप्त कर कई उपलब्धियां अर्जित की। वर्ष 2018 खंडेला में आयोजित स्टेट प्रतियोगिता में 45 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर ऊना हिमाचल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिला। उसके बाद वर्ष 2021 में हनुमानगढ़ में आयोजित स्टेट में रजत पदक, जालोर में आयोजित स्कूली स्टेट में कांस्य पदक जीता। अगस्त 2022 में विपुल का चयन सांई लुधियाना में हो गया। वर्तमान में वही से जूडो की तैयारी कर रहा है।

13 से 19 अक्टूबर तक करणपुर श्रीगंगानगर में आयोजित स्टेट टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया है। रामपुर जूडो सेंटर से एनआइएस दो कोच सरिता सैनी ने बताया कि पूजा एवं के विपूल के अलावा अनिल सैनी ने 55 किलो भारवर्ग में रजत पदक, रेणू सैनी ने 48 किलो भारवर्ग और खंडेला से महादेव सिंह ने 90 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता है। पूजा सैनी के पिता मुकेश सैनी 5 बच्चों की पढ़ाई व परिवार का खर्च चलाने के लिए जयपुर के निजी जिम में खाना बनाने का काम करते है। जयपुर में डौ. विनोद सैनी के मकान में पूरा परिवार रहता है। पूजा ने कक्षा 10 में 64 प्रति और 12 वीं में 78 प्रतिशत अंक हासिल कर जयपुर के पीजी कॉलेज में प्रवेश लिया है।

पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में के साथ पूजा पिछले तीन से रामपुरा सेंटर से प्रशिक्षण ले रही है। पूजा का सपना राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ग पदक जीतकर पुलिस में भर्ती होना है। 5 घंटे की रेगूलर तैयारी के दम पर पूजा ने इस उपलब्धि को अर्जित किया है।

इससे पहले स्कूली स्टेट में दो रजत पदक तीन कांस्य पदक और खेलो इंडिया के रैंकिंग गेम्स में एक कांस्य पदक जीत चुकी है। माता मेवा देवी गृहणी बड़ी बहन सुबोध कॉलेज से बीसीए प्रथम वर्ष और छोटी बहन खंडेला में एक निजी स्कूल में कक्षा मे अध्ययनरत है।

# फूले की 132वीं पुण्यतिथि पर 257 लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ ही सेवाएं प्रदान की गई

चुरू। आज सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 132वीं पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर चूरू जिला सैनी द्धमालीऋ समाज, रतनगढ़ ईकाई व शैल्बी हश्वस्पिटल द्वारा मेरी माताजी स्व. श्रीमती विमला देवी जी धर्मपत्नी दुर्गाप्रसाद सैनी की स्मृति में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का शुभारंभ श्रीमती पायल सैनी, अभिनेष जी महर्षि, हेमन्त सारस्वत, डूंगरमल सैनी, दीनदयाल सैनी, नन्दकिशोर, जयंत पड़िहार, डश्व. हिमांशु, डश्व. अरुण ने किया।

सर्व समाज के लिए आयोजित इस जांच शिविर मे 257 लोगो को जाँच व परामर्श की सेवाएं दी गई।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कंधे से कंधा मिला कर साथ चलने वाले सभी साथियों का भी आयोजन मण्डल की ओर से हार्दिक बधाई एवं आभार प्रकट किया गया।








4-5 साल से सैनी समाज की दोनों बेटियां जीतकर टोंक का नाम रोशन कर रही है

# वेटलिफ्टिंग में ननद-भाभी ने दिखाया दम, 120 किलो वजन उठाकर सुगना सैनी ने गोल्ड, रेखा सैनी ने 118 किलो भार उठाया, कांस्य जीता








टौंक। राजस्थान सीनियर वेटलिफ्टिंग जयपुर आयोजित प्रतियोगिता में एक बार फिर ननद भोजाई रेखा सैनी व सुगना सैनी ने मेडल जीतकर टोंक का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी ननद- भाभी राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त कर चुकी है। शेरा पावर जिम के गफूर शेरा ने बताया कि 59 किलोग्राम में सुगना सैनी ने 120 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार 55 किलोभार वर्ग में रेखा सैनी ने 118 किलोग्राम वजन उठाकर कास्य पदक पर कब्जा जमाया।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार-पांच साल से सैनी समाज की दोनों बेटियां मेडल जीतकर टोंक का नाम रोशन कर रही है। इस बार भी नेशनल खेलने का मार्ग प्रशस्त किया है। उनकी इस जीत पर खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है। उल्लेखनीय है कि 2014 से पहले तक उनको वेट लिफ्टिंग के बारे में सही जानकारी तक नहीं थी। ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य करने वाली ये ननद-भोजाई वर्तमान में वेट लिफ्टिंग में राज्य स्तर पर महिला वर्ग में 2014 से मेडल जीत रही है। आगे उनका सपना है कि वो वेट लिफ्टिंग में देश का नाम रोशन करें। राज्य स्तरीय सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं में सुगना सैनी एवं रेखा सैनी 2014 से लगातार मेडल जीत रही है। उदयपुर में गत वर्षो आयोजित प्रतियोगिता में ननद रेखा सैनी ने 49 किलोवर्ग में भाभी सुगना सैनी ने 45 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। 2017 में दौसा में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सुगना सैनी एवं रेखा सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए। तथा जूनियर राजस्थान स्टेट बैट लिफ्टिंग ओपन चौंपियनशिप में टोक कि सुगना ने अपना रिकार्ड तोड़ते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। उसने 45 किलो स्नेक प्लस 60 किलो क्लीन स्नेच प्लस 60 किलो क्लीन एंड जर्क में टोटल भार 110 किलो वजन उठाकर गोल्ड मेडल हासिल किया था। इसी प्रकार 53 किलो बेट में रेखा सैनी ने स्नेच में 50 किलो एवं क्लीन एंड जर्क में 60 किलो प्लस टोटल भार 110 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इससे पूर्व भी वो मेडल प्राप्त कर चुकी है। समस्त माली सैनी समाज टोंक द्वारा राजस्थान सीनियर वेटलिफ्टिंग आयोजित प्रतियोगिता में टोंक व सैनी समाज का नाम राज्य स्तर पर रोशन करने पर रेखा सैनी एवं संगीता सैनी को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया इस उपलक्ष में संगीता सैनी एवं रेखा ने समाज के छात्राओं छात्र छात्राओं को खेलों के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि रखने के लिए कहा । इस उपलक्ष में सदर अध्यक्ष अचलेश सैनी पूर्व जिला अध्यक्ष बबिता सैनी महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संतोष सैनी कमलेश सोलंकी रामराज सरसवाल कालूराम गढ़वाल राकेश सैनी महेंद्र सैनी गिराज सैनी महावीर सैनी सुरेश सैनी गणेश सैनी मुकेश सैनी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

समाज में इन नणद भौजाई के वैट लिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में लगातार सफलता प्राप्त करने के चर्चे चल रहे है साथ ही सभी इन दोनों महिलाओं को हार्दिक बधाई भी प्रेषित कर रहे है जिन्होंने घर की जिम्मेदारियों के साथ इस मुश्किल खेल में अपनी प्रतिभा के दम पर समाज और राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन से अनेकों पदक जीत सफलता पाई है। हम दोनों महिलाओं को पुनः शुभकामनाओं प्रेषित करते है।

## टेक्निकल योगी : योगेन्द्र सैनी कभी चाय की थड़ी पर धोते थे कप प्लेट, आज देश के बड़े यू-ट्यूबर

अलवर। हार नहीं मानने वाले ही सफलता के शिखर पर पहुंच पाते हैं। शहर के युवा योगेंद्र सैनी भी ऐसे ही सफल इंसान हैं, जो कभी चाय की थड़ी पर कप-प्लेट धोते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया इन्हें टेक्निकल योगी के नाम से जानती है। योगी 12 व 13 दिसंबर को गूगल के हैंड ऑफिस सिंगापुर में आयोजित शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सम्मेलन में कई देशों के वीडियो कंट्रीब्यूटर और प्रोडक्ट एक्सपर्ट हिस्सा लेंगे।

**दिन में काम और रात में करते थे पढ़ाई :**

शहर के अपना घर शालीमार सोसायटी में रहने वाले योगी जब बहुत छोटे थे तो इनके पिता की मृत्यु हो गई थी मजबूरी में घर चलाने के लिए चाय की ठेले पर कप प्लेट धोते थे। अखबार बांटने व मजदूरी पर भी जाते थे दिन में नौकरी करते और रात को



पढ़ाई करते। कक्षा आठ से स्नातक की पढ़ाई ऐसे ही हालात में की। बीजेएमसी भी की है। इनके पास कभी कच्चा मकान था, लेकिन आज आलीशान मकान बन रहे हैं। एक दोस्त की सलाह पर वर्ष 2016 में एक दोस्त के कहने पर योगी ने यू-ट्यूब चौनल बनाकर उस पर वीडियो डालने शुरू किए। अभी तक दो हजार से यादा वीडियो बना चुके हैं। उनके टेक्निकल योगी चौनल पर फिलहाल 16 लाख 80 हजार खे क्रिएटर गाइड पर एक लाख 72 हजार है। टेक्निकल योगी चौनल को 2018 में सिल्वर व 2020 में गोल्डन प्ले अवार्ड मिला। क्रिएटर गाइड को 2022 में सिल्वर अवार्ड मिल चुका है। यू-ट्यूब ने उन्हें जनवरी 2021 में प्रोडक्ट एक्सपर्ट और यू-ट्यूब वीडियो कंट्रीब्यूटर के रूप में चुना।

# स्टेट ओपन जूनियर जूडो चैंपियनशिप में रामपुरा की पूजा सैनी ने किया कमाल, मजदूर परिवार में अभावों के साथ पली



सीकर। मजदूर परिवारों में अभावों के साथ पली रामपुरा खंडेला के जूडो खिलाड़ियों ने ओपन स्टेट टूर्नामेंट में दो स्वर्ण,एक रजत व दो कांस्य कुल पांच पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। भरतपुर में आयोजित पुरूष- महिला वर्ग की राजस्थान ओपन स्टेट जूनियर जूडो चैंपियनशिप में पूजा सैनी ने 70 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक और विपुल सैनी ने 100 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर रांची(झारखंड) में होने वाली चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई।

**असम के होटल में काम करते है विपुल के पिता**

रायपुर निवासी विपुल सैनी के पिता महावीर प्रसाद सैनी असम के एक होटल में मजदूरी और माता निर्मला देवी गृहिणी है। विपुल खंडेला के सेंट्रेल स्कूल में कक्षा 12वीं का विद्यार्थी है। रामपुरा में लंबें समय जूडा का प्रशिक्षण प्राप्त कर कई उपलब्धियां अर्जित की। वर्ष 2018 खंडेला में आयोजित स्टेट प्रतियोगिता में 45 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर ऊना हिमाचल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिला। उसके बाद वर्ष 2021 में हनुमानगढ़ में आयोजित स्टेट में रजत पदक, जालोर में आयोजित स्कूली स्टेट में कांस्य पदक जीता। अगस्त 2022 में विपुल का चयन सांई लुधियाना में हो गया। वर्तमान में वही से जूडो की तैयारी कर रहा है।

13 से 19 अक्टूबर तक करणपुर श्रीगंगानगर में आयोजित स्टेट टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया है। रामपुर जूडो सेंटर से एनआइएस दो कोच सरिता सैनी ने बताया कि पूजा एवं के विपूल के अलावा अनिल सैनी ने 55 किलो भारवर्ग में रजत पदक, रेणू सैनी ने 48 किलो भारवर्ग और खंडेला से महादेव सिंह ने 90 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता है। पूजा सैनी के पिता मुकेश सैनी 5 बच्चों की पढ़ाई व परिवार का खर्च चलाने के लिए जयपुर के निजी जिम में खाना बनाने का काम करते है। जयपुर में डॉ. विनोद सैनी के मकान में पूरा परिवार रहता है। पूजा ने कक्षा 10 में 64 प्रति और 12 वीं में 78 प्रतिशत अंक हासिल कर जयपुर के पीजी कॉलेज में प्रवेश लिया है।

पीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में के साथ पूजा पिछले तीन से रामपुरा सेंटर से प्रशिक्षण ले रही है। पूजा का सपना राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ग पदक जीतकर पुलिस में भर्ती होना है। 5 घंटे की रेगूलर तैयारी के दम पर पूजा ने इस उपलब्धि को अर्जित किया है।

इससे पहले स्कूली स्टेट में दो रजत पदक तीन कांस्य पदक और खेलो इंडिया के रैंकिंग गेम्स में एक कांस्य पदक जीत चुकी है। माता मेवा देवी गृहणी बड़ी बहन सुबोध कॉलेज से बीसीए प्रथम वर्ष और छोटी बहन खंडेला में एक निजी स्कूल में कक्षा मे अध्ययनरत है।

# फूले की 132वीं पुण्यतिथि पर 257 लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ ही सेवाएं प्रदान की गई

चुरू। आज सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 132वीं पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर चूरू जिला सैनी द्धमालीऋ समाज, रतनगढ़ ईकाई व शैल्बी हश्वस्पिटल द्वारा मेरी माताजी स्व. श्रीमती विमला देवी जी धर्मपत्नी दुर्गाप्रसाद सैनी की स्मृति में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का शुभारंभ श्रीमती पायल सैनी, अभिनेष जी महर्षि, हेमन्त सारस्वत, डूंगरमल सैनी, दीनदयाल सैनी, नन्दकिशोर, जयंत पड़िहार, डश्व. हिमांशु, डश्व. अरुण ने किया।

सर्व समाज के लिए आयोजित इस जांच शिविर मे 257 लोगो को जाँच व परामर्श की सेवाएं दी गई।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कंधे से कंधा मिला कर साथ चलने वाले सभी साथियों का भी आयोजन मण्डल की ओर से हार्दिक बधाई एवं आभार प्रकट किया गया।







# भामाशाह पर्यावरणविद् नरेन्द्र गहलोत ने वाल्मीकी समाज की दो बहिनों का मायरा भर महात्मा फूले की पुण्यतिथि पर अनूठी सेवा रुपी श्रद्धांजलि अर्पित कर मिसाल कायम की




जोधपुर। माली सामज के होनहार युवा व ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र गहलोत ने महात्मा फूले की पुण्यतिथि पूर्वसंध्या पर वाल्मिकी समाज के एक परिवार की दो बहिनों कुसुम व भावना धारू पुत्री रतनलाल घारू दोनों बहीनों के घर जाकर उनका वैवाहिक परंपरा अनुसार मायरा भरकर सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की।

भेदभाव, छूआछूत, जाति बिरादरी जैसे शब्द हमारे समाज में प्रचलित रहते है और दीमक का काम करते है। महात्मा ज्योति बा फूले ने सैकड़ों वर्षो पूर्व इन कुरीतियों के खिलाफ बड़ी लंबी लड़ाई लड़ी उन्हीं के जीवन से प्रेरित हो ग्रीन माइंडेड के अध्यक्ष नरेंद्र गहलोत ने मानव-मानव सब भाई-भाई के उदघोष को साकार करते हुए मानवीय पहलू के शब्दों को ईश्वर का संदेश मानकर कुसुम व भावना धारू के घर अपने परिवारजनों के साथ पहुंच कर परंपरा अनुसार मायरे की रस्म अदा की। उन्होंने मायरे में शुद्व चांदी के 12 तोला वजनी गहनों के आईटम, 20 से 25 महिलाएं व पुरूषों के कपड़ों के जोड़े, 21 हजार नगद राशि, शगुन के तौर पर मिठाई दोनों बहीनों और उनके परिवार को भेंट कर मायरे की रस्म पूरी की।

**यूं मिली प्रेरणा और जाग उठी मानवता :** दो रोज पहले माता का थान रोड अशोक कॉलोनी निवासी रतनलाल धारू मगरा पूंजला बावड़ी बेरा निवासी नरेंद्र गहलोत के घर अपनी पुत्रियों के विवाह का निमंत्रण देने पहुंचे। गहलोत ने रतनलाल का वैलकम करते हुए उनसे उनके परिवार की स्थिति व बच्चों के बारे में पूरा विवरण पूछा, लेकिन जवाब देने से पहले धारू के आंखों में आंसू छलक पड़े। फिर वो बोले मुझे ईश्वर ने 6 पुत्रियां दी है, मेरे कोई पुत्र नहीं है। मैं छह पुत्रियों का पिता हूं। नरेंद्र गहलोत ने उन्हें ढांढ़स बंधाया और थोड़ा समय रूके और उनके साथ धारू के घर की ओर निकल पड़े। गहलोत धारू के घर जाकर उनकी बेटियों से अपनी कलाई पर राखी बंधवाई और उनके भाई बने। अब इन दोनों बेटियों की शादी हो गई है। गहलोत अपने परिवार के सदस्यों व ग्रीन माइंडेड के युवाओं की टीम लेकर रतनलाल धारू के घर ढोल- थाली की स्वरलहरियों के साथ पहुंचे और बेटियों के मायरे की रस्म पूरी की। सामाजिक सरोकार की इस मिशाल की वाल्मिकी समाज व क्षेत्र के गणमान्य लोगों में इस तरह की अनूठी पहल को लेकर चर्चा बनी हुई है। सभी समाज बंधुओं के साथ प्रबुद्धजनों ने नरेन्द्र गहलोत के इस अनुकरणीय सेवा कार्य की मुक्तकंठ से प्रंशसा करते हुए आभार प्रकट किया जिन्होंने महात्मा फूले के जीवनी से प्रेरित हो ऐसा सेवा का कार्य किया।

# क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए पिता की स्मृति में पुत्र पर्यावरणविद्व नरेन्द्र गहलोत ने 5 लाख खर्च कर पुलिस चौकी बनवाई



जोधपुर। सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में कीर्ति नगर इलाके में माता का थान अंतर्गत पुलिस चौकी का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। इस इलाके में चौकी खुलने से लोगों को अपराधिक घटनाओं से उम्मीद है निजात मिलेगी।

नई पुलिस चौकी का शुभारंभ पर राज्य पशुधन बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, उत्तर नगर निगम माहापौर कुन्ती परिहार व पुलिस कमिश्नर रवि दत्त गौड़ के आतिथ्य में हुआ । मगरा स्थित बावड़ी बेरा में रहने वाले समाज सेवी स्व. बालकिशन गहलोत की द्वितीय पुण्य तिथि पर उनके पुत्र नरेंद्र गहलोत ने अपनी माता श्रीमती देवी गहलोत के सहयोग से माता का थान पुलिस थाने के अधीन आने वाली किर्ती नगर पुलिस चौकी का निर्माण करवाया। 5 लाख की लागत से बनाई गई चौकी का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया।

ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र गहलोत पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सरोकार व सेवाभावी कार्यों के लिए हमेशा अग्रणी रहकर कार्य करते है। कीर्ति नगर पुलिस चौकी के शुभारंभ के मौके पर पुलिस उपायुक्त अमृता दुहन, पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार बंसल, अति. पुलिस आयुक्त नाजिम अली खान, अति. पुलिस आयुक्त यातायात चौनसिह महेचा, सहायक पुलिस आयुक्त राजेद्र प्रसाद दिवाकर व माता का थान थानाधिकारी राजुराम बामणिया बतौर अतिथि के शामिल हुए। इस अवसर पर पार्षद ममता सांखला, मुकेश गहलोत, अमित सांखला, कांग्रेस नेता जगदीश पंवार, ममता सांखला, मंजूलता गौड़ सहित अनेक लोगो के साथ ग्रीन माइडेड फाउंडेशन की टीम के सदस्यगण अपनी ड्रेस कोड में मौजूद रहे।

नवज्योति ध जोधपुर। सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में मगरा स्थित बावड़ी बेरा में रहने वाले समाज सेवी स्व. बालकिशन गहलोत की द्वितीय पुण्य तिथि पर उनके पुत्र नरेंद्र गहलोत ने अपनी माता श्रीमती देवी गहलोत के सहयोग से माता का थान पुलिस थाने के अधीन आने ली किर्ती नगर पुलिस चौकी का निर्माण करवाया। 5 लाख की लागत से बनाई गई चौकी का शनिवार को दोपहर 3 बजे शुभारंभ होगा माली समाज के होनहार युवा व पर्यावरण, प्रेमी ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र गहलोत पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सरोकार व सेवाभावी कार्यो के लिए हमेंशा अग्रणी रहकर कार्य करते है। सरदापुरा विधानसभा क्षेत्र में मगरा पूंजला, लालसागर, किंती नगर सहित आसपास के के इलाकों में अपराधिक घटनाओं का ग्राफ पिछले दिनों से बढ़ने के कारण लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शहर मे कई नये पुलिस थाने नये गठित किए उसकी क्रम उसी क्रम में किर्ती नगर पुलिस चौकी खोलने का निर्णय किया गया ताकि लोगों को सुरक्षा के साथ जरूरत पर पुलिस मदद मिल सकें।

**पुलिस चौकी, पीछे गार्डन और आमजन के लिए प्याऊ का निर्माण भी**

किर्ती नगर इलाके में शनिवार को जिस पुलिस चौकी का शुभारंभ होगा उसमें नरेंद्र गहलोत ने दो कमरें. लेट बाथ एवं आमजन के पानी पीने के लिए एक प्याऊका निर्माण भी करवा है। सरकारी भूमि पर बनी पुलिस चौकी के पीछवाड़े एक छोटे बगीचे का निर्माण भी करवाया गया है ताकि पुलिस कर्मियों को आबोहवा अच्छी मिलती रहे। चौकी के आगे जेडीए की ओर से ईंटो की फुटपाथ पहले से ही पिछले दिनों किए गए सड़क के कार्य के दौरान निर्माण करवाई गई है।



# बाबा रामदेव क्लब ब्यावर ने जीती माली सेना क्रिकेट प्रीमियम लीग

ब्यावर। माली सेना ब्यावर के तत्वाधान में आयोजित माली सैनी समाज के युवाओ की क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बाबा रामदेव क्लब और सूरज पोल गेट के मध्य खेला गया जिसमे सूरज पोल गेट ने पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवर में 94 रन बनाये जिसे बाबा रामदेव क्लब ने 8 विकेट शेष रहते हुए बना कर प्रतियोगिता अपने नाम की

माली सेना संस्थापक दिनेश भाटी ने बताया की प्रतियोगिता में माली समाज की 13 टीमों ने भगा लिया प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज राज दगदी, बेस्ट गेंदबाज हितेंद्र सांखला और मैन ऑफ दा सीरीज लकी मालाकार रहे विजेता टीम को भव्य 4 फिट बड़ी ट्रॉफी और 21,000/- नगद इनाम दिया गया और उपविजेता टीम को 11,000/- और ट्रॉफी दी गई पूरी प्रतियोगिता में अम्पायर राकेश नारुका, सुरेश चौहान, ईश्वर तंवर और तुलसीराम भाटी थे।

फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि मालियान पंचायत बड़ा बास के अध्यक्ष गोपाल गहलोत मालियान पंचायत शाहपुरा मोहल्ला अध्यक्ष हनुमान चौहान, फूलपुरा पंचायत अध्यक्ष रुपचंद पालडिया थे। अतिथि के रूप में मदन लाल सोलंकी, मोहन लाल दगदी, पूर्व सभापति शशि बाला सोलंकी, पार्षद मोती सिंह सांखला, बबलू चौहान, मुन्नी देवी गहलोत, हरीश सांखला, मनोज तंवर, एडवोकेट चंद्र देव सांखला, कपिल टांक थे। सभी अतिथियों को लिखमीदास जी महाराज की तस्वीर भेट कर स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में माली सेना अजमेर जिलाध्यक्ष किशन देवड़ा ब्यावर शहर अध्यक्ष करन सिंह गहलोत, संयोजक सुरेश चौहान, सहसयोजक गौतम चौहान प्रकाश माली, आईटी प्रमुख जगदीश सांखला मिडिया प्रभारी राकेश दगदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी सांखला लोकेश परिहार तुलसीराम भाटी टीकम चौहान आदि संगठन के पदाधिकारियो ने योगदान दिया।

**माली रत्न अवार्ड :-** माली सेना जिलाध्यक्ष किशन देवड़ा ने प्रतियोगिता में माली सेना रत्न आवार्ड का पुरस्कार समाज सेवी कैलाश गहलोत को देकर सम्मानित किया कैलाश गहलोत को माला, साफा, शाल ओड़ा कर और स्मृति चिन देकर स्वागत किया गया।















# श्री फुल मालियन शिक्षण संस्था के तत्वावधान में 139 यूनिट रक्तदान

मदनगंज किशनगढ़। श्री फूलमालियान शिक्षण संस्था किशनगढ़ के तत्वावधान में चल रहे सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह के अंतर्गत शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष बिरदीचन्द मालाकार के अनुसार श्री फूलमालियान शिक्षण संस्था द्वारा किशनगढ़ तहसील एवं आसपास के ग्रामीण जनों के लिए रक्तदान शिविर किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी किशनगढ़ परसराम टाक, नगर परिषद चेयरमैन दिनेश सिंह राठौड़, भाजपा नेता विकास चौधरी, डॉक्टर संतोष सैनी, डॉ जोगेश्वर सैनी, डॉ राजकुमार जैन सहित अन्य लोग अतिथि के रूप में मौजूद थे। रक्तदान शिविर में किशनगढ़, रलावता, सुरसुरा, भदूण, काटोदा, रुपनगढ़, कुचिल, सराना, उदयपुर कला, सिलोरा, करकेड़ी, नलू, बांदरसिंदरी, मालियों की बाड़ी सहित अन्य स्थानों से आए हुए माली समाज व अन्य समाज बंधुओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

रक्त दाताओं का उत्साह कितना था कि राजकीय यज्ञनारायण चिकित्सालय में रक्त लेने के लिए शेष जगह भी नहीं बची तथा मेडिकल स्टाफ ने रक्त लेने से मना कर दिया। इस अवसर पर श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष कानाराम मालाकार, श्री फूल मालिया शिक्षण संस्थान किशनगढ़ के अध्यक्ष बिरदीचन्द मालाकार, सचिव राकेश गहलोत, उपाध्यक्ष गिरिराज सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मिश्रीलाल गढ़वाल, संरक्षक जस्साराम सांखला, किशनलाल इंदौरा, मोहनलाल सिंगोदिया, पूरणमल सिंगोदिया, सोहनलाल मालाकार, रामलाल उबाणा, भंवरलाल गहलोत, ओम प्रकाश गहलोत, जयराम मालाकार, राकेश गहलोत, धीरज सैनी, मूलचंद गहलोत, रमेश मालाकार (कनजी), विश्राम मालाकार, भागचंद सिंगोदिया, मनोज गहलोत, मुकेश सिंगोदिया, एडवोकेट राधेश्याम मालाकार, नितेश सैनी, राजेश टाक, जितेंद्र महावर, मिश्रीलाल गढ़वाल, बलराज सैनी, घनश्याम गहलोत, पवन कुमार सहित अन्य समाज बंधु मौजूद थे। संस्था के अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

संस्था द्वारा आगामी 3जनवरी 2023 को सावित्रीबाई फूले जयंती पर रक्तदाताओं का सम्मान, क्रिकेट टीमों को पुरस्कार व माली समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन माली समाज के छात्रावास में आयोजित किया जाएगा।









# समाज सेवियों ने किया पूंजला नाड़ी में वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण हेतु लिए संकल्प



जोधपुर। ऋतु महोत्सव के अन्तर्गत समाजसेवी श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाडी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान, जोधपुर द्वारा पूंजला नाडी के विकास कार्य से जुड़े समाज सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया।

संस्थान कार्यक्रम संचालक जगदीश देवड़ा ने बताया कि मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं पर्यावरण विजय सिंह गहलोत ,राजेश गहलोत एवं जयवीर देवड़ा ने आज पूंजला नाडी प्रांगण में कई प्रकार के फलदार वृक्षों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्तता के बारे में बताया। साथ ही संभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम में लगे सभी पर्यावरणप्रेमियों सधन्यवाद ज्ञापित किया, जिससे प्रदेश में जलवायु परिवर्तन हुआ है।

जगदीश देवड़ा ने सभी पधारें हुए अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया और उसकी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही आगामी दिवस में होने वाले कार्यक्रम के बारे में विशेष जानकारी दी।

संस्थान के कार्यकर्त्ता ब्रह्मसिंह गहलोत, हेमेन्दसिंह देवड़ा, भागीरथ परिहार, बलवीर गहलोत, युधिष्टर सिंह गहलोत, नरपत गहलोत, लुम्बाराम देवड़ा, झूमरलाल देवड़ा, जवरीलाल भाटी, लिखमाराम सुथार, कानाराम, आदि ने सहयोग किया।

## विशेष सूचना

**माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक व्यवसायियों के सहयोग से नव वर्ष -2023 का केलैण्डर प्रकाशित किया गया है। हमारे कार्यालय से यह केलैण्डर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 9414475464, 9414914846**

## बेशकीमती जमीन निःशुल्क देने की घोषणा करने वाले भामाशाह विनोद गौड का किया सम्मान

लक्ष्मणगढ़ 15 दिसंबर। महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के लिए अपनी बेशकीमती जमीन मे से भूमि निःशुल्क देने की घोषणा करने वाले सैनी समाज के भामाशाह महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गौड का उधोगपति भामाशाह समाजसेवी अनिल बागड़ी व सेठों की कोठी निवासी भंवरलाल सांखला के नेतृत्व में माल्यार्पण कर साफा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया । इस अवसर पर प्रस्तावित फुले छात्रावास समिति के अध्यक्ष बाबूलाल सैनी सहित समाज बन्धु मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि सैनी समाज के भामाशाह विनोद गौड ने लाखों रुपए की भूमि निःशुल्क देने की घोषणा कर सैनी समाज के इतिहास में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने अपनी राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी के सामने हाईवे से करीब एक किलोमीटर अंदर स्थित बेशकीमती जमीन मे से छात्रावास के उपयोग में आने के लिए करीब 2 बीघा जमीन निःशुल्क देने की घोषणा की है । भामाशाह गौड़ की उक्त घोषणा का सैनी समाज सहित सभी समाजों के प्रबुद्ध जनों ने सराहना की है ।

## 30 साल बाद बेटी का जन्म, नाचते गाते अस्पताल से लाएं घर फूलों से सजी कार लेकर अस्पताल पहुंचे परिजन, डीजे पर किया डांस



चूरू। परिवार में 30 साल बाद बेटी का जन्म हुआ, तो बच्ची के माता- पिता व अन्य परिजन रविवार सुबह फूलों से सजी कार लेकर राजकीय भरतिया अस्पताल पहुंच गए। इसके बाद नवजात को इस कार में लेकर डीजे की धुन पर झूमते-नाचते घर पहुंचे। शहर के वार्ड 14 निवासी नवजात बच्ची निर्मल सैनी ने बताया कि उसकी पत्नी ललिता को 27 नवंबर को सिजेरियन डिलीवरी के बाद बेटी पैदा हुई। जिसको रविवार सुबह करीब दस बजे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। उनके परिवार में 30 साल बाद बेटी का जन्म हुआ है। बेटी के जन्म को वे उत्सव के रूप में मना रहे हैं। निर्मल ने बताया कि उनकी पहली बेटी है. इस बेटी के जन्म के बाद उनके घर में खुशियों का माहौल छाया हुआ है। अस्पताल में नवजात बेटी के साथ परिवार के लोगों ने सेल्फी भी ले रहे थे। अस्पताल में रविवार सुबह मातृ शिशु अस्पताल के आगे जब फूलों से सज्जी हुई कार आमजन के लिए चर्चा का विषय बन गई। सजी हुई कार जब नवजात को लेने के लिए पहुंची तो सब उसे देखने के लिए जुट गए।

## युवा महिला खिलाड़ी अंशु सैनी अंडर-15 क्रिकेट में राजस्थान टीम की बनी कप्तान



सीकर। राधाकिशनपुरा निवासी अंशु सैनी को बीसीसीआई द्वारा 26 दिसंबर से आयोजित होने वाली अंडर-15 गर्ल्स नेशनल चैंपियनशिप में राजस्थान टीम का कप्तान बनाया है। अंशु का चयन टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में किया है।

गुजरात के राजकोट में होने वाली चैंपियनशिप में राजस्थान टीम के कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, आसाम, नागालैंड से 5 लीग मैच होंगे। इससे पहले बॉयज टीम में सीकर के आदित्य गढ़वाल अंडर 19 और अंडर 23 राजस्थान टीम के कप्तानी कर चुके हैं।

अंशु के पिता जनरेटर मैकेनिक अर्जुनलाल सैनी बताते हैं कि उनका मूल गांव भिराणा-लोसल है। 19 साल पहले काम की तलाश में सीकर आए थे। फिर यहीं रहने लगे। टीवी पर मैच देखते हुए बेटी को क्रिकेट खेलने का शौक चढ़ा। बेटी की जिद पर पिता ने उसे कोचिंग में दाखिला दिला दिया। आरआर क्रिकेट एकेडमी में फ्री कोचिंग का ऑफर मिला तो परिवार हिम्मत बढ़ी। कुछ ही समय में अंशु ने क्रिकेट की बारीकियों पर पकड़ बना ली। पिता सैनी बताते हैं कि बेटी को टूर्नामेंट में ले जाने के लिए कई बार काम तक छोड़ना पड़ा।

राधाकिशनपुरा स्थित आरआर क्रिकेट एकेडमी के निदेशक संदीप सैनी बेटियों को निशुल्क कोचिंग देकर खेल में आगे बढ़ा रहे हैं।



## राजेश कुमार सैनी को पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा गया

नवलगढ़। कृषि विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल ट्रेनर राजेश कुमार सैनी को डी के इंटरनेशनल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा तमिलनाडु मे आयोजित आधुनिक शिक्षा और नई शिक्षण तकनीकों पर 9 वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर सैनी को अफ्रीकन मून यूनिवर्सिटी साउथ वेस्ट अफ्रीका द्वारा डॉक्टर ऑफ एग्रीकल्चर (बागवानी) से पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि डॉ कृष्णन पथिराजा,पलमायरा विकास बोर्ड के अध्यक्ष, वृक्षारोपण मंत्रालय, श्रीलंका सरकार, प्रो. डॉ. पोन रामलिंगम, रजिस्ट्रार और प्रोफेसर (प्रबंधन स्कूल), हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) चेन्नई, तमिलनाडु , प्रो. डॉ. संदीप कुमार,अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्धआईसीईआरटीत्रः, नई दिल्ली, भारत ,प्रो डश्च सायंतन डे सरकार, कार्यकारी निदेशक,अखिल भारतीय मानव अधिकार, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय परिषद थे स राजेश कुमार लंबे अरसे से हाईटेक खेती के प्रचार प्रसार और कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़े हुए हैं स प्रोग्राम के विशिष्ट अतिथि श्री एम शशिकरण, प्रबंध निदेशक, न्यू राजेश्वरी ग्रुप ऑफ कंपनीज, मेन स्ट्रीट, मटाले, श्रीलंका प्रो. डॉ. संजय कुमार बारिक, निदेशक, प्रियांशु रिसर्च एजुकंसल्टिंग विशेषज्ञ, नीलगिरि, बालासोर, उड़ीसा प्रो डॉ. सुरेशा के नरपवी, निदेशक, योग विभाग, योग संस्कृतिम विश्वविद्यालय, फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका डॉ. सुरेश के गुप्ता,निदेशक, आरोग्य चिकित्सा अनुसंधान केंद्र संस्थान, पलक्कड़, केरल ने शिरकत की। वही महाराष्ट्र सिराज डोकाडिया को कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी - यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका द्वारा डॉक्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

एकेडमी अपने छात्रों के लिए 10 शार्ट फिल्मो का प्रोडक्शन और भविष्य में फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में काम करने का मौका प्रदान करेगी

# प्रसिद्ध निर्देशक विजय के सैनी ने मुंबई में खोली छात्र छात्राओं के लिए वी के एस फिल्म एकेडमी

**बड़े अच्छे लगते हैं, बालवीर, बाल शिव, कुमकुम भाग्य, नियति, सिंघासन बत्तीसी, पवित्र रिश्ता, कभी तो मिल के सब बोलो, साथ-साथ, बंधन टूटे ना, संकट मोचन महाबली हनुमान, शिरडी के साईं बाबा, कहानी घर घर की के साथ दर्जनों टीवी सीरियल्स का निर्देशन कर रहे है।**

मुंबई। कोई भी फील्ड हो आज के इस आधुनिक दौर में सफल होने के लिए प्रोफेशनल ट्रेनिंग बहुत हो जरूरी है खास करके बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में आज चाहे वो एक्टिंग का फील्ड हो, डायरेक्शन का फील्ड हो, चाहे कैमरामैन का फील्ड हो, एडिटिंग का फील्ड हो या म्यूजिक का फील्ड हो सभी फील्ड में सफल होने के लिए यहा सबसे पहले जरूरी होती है उस फील्ड की प्रोफेशनल ट्रेनिंग अन्यथा इंसान को उस फील्ड में सफल होने के लिए लम्बा स्ट्रगल करना पड़ता है। उसकी मुख्य वजह है आज की तेजी से डिजिटल होती दुनिया जहा समय की बहुत ज्यादा वैल्यू है। इस लिए आज बॉलीवुड में भी लोग उन्ही नए लोगो के साथ ज्यादा काम करना चाहते है जो प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेकर आये है ताकि निर्माता-निर्देशकों का समय अधिक खराब न हो और कम से कम वक्त में ज्यादा से ज्यादा काम निकले।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए टेलीविजन के मशहूर डायरेक्टर विजय के सैनी ने के मुंबई में वी. के. एस. फिल्म एकेडमी का गठन किया है जिसकी चर्चा इन दिनों बॉलीवुड में सब तरफ हो रही है। यह फिल्म एकेडमी मुंबई में शुरू हो चुकी है और ये छात्रों-छात्राओ को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनो रू तरह से प्रोफेशनल ट्रेनिंग दे रही है और पहला बेच शुरू भी हो गया है। निर्देशक विजय के सैनी के अनुसार अब वो छात्र-छात्राएं जो फिल्म फिल्म इंडस्ट्री में अपना कैरियर बनाना चाहते है वह बी.के.एस. फिल्म प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेकर अपना एक्टिंग का सपना पूरा कर सकते है। वी.के.एस. फिल्म एकेडमी में 1 साल का एडवांस डिप्लोमा इन एक्टिंग कोर्स जहा आप सीखेंगे 1. एक्टिंग फॉम बेसिक टू एडवांस, 2. कैमरा एक्टिंग 3. थिएटर एकेडमी से एक्टिंग 4. प्रैक्टिकल ओरिएंटेड एक्टिंग, 5. प्रतिष्ठित कलाकारों का मार्गदर्शन होगा और साथ ही बी. के. एस. फिल्म एकेडमी अपने छात्रों के लिए 10 शार्ट फिल्मो का प्रोडक्शन और भविष्य में फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में काम करने का मौका प्रदान करेगी, क्योंकि उन्होंने इसके लिए कई नामी प्रोडक्शन हाउस से अनुबंध भी किया है।

छोटे पर्दे के दर्शको के लिए निर्देशक विजय के सैनी का नाम किसी तरह के परिचय का मोहताज नहीं है वह वह पिछले 16 वर्षो से धारावाहिकों के निर्देशन में लगातार



Vijayksaini Director

सक्रिय हैं और प्राइवेट चौनलों से लेकर दूरदर्शन तक के अनेक लोकप्रिय धारावाहिकों का सफल निर्देशन कर चुके हैं जिनमे 'बड़े अच्छे लगते हैं', 'बालवीर', 'बाल शिव', 'कुमकुम भाग्य', 'नियति', 'सिंघासन बत्तीसी', 'पवित्र रिश्ता', 'संकट मोचन महाबली हनुमान' 'शिरडी के साई बाबा', 'कहानी घर घर की', 'कसम से', 'करम अपना अपना', 'गणेश लीला', 'कयामत', ख्वाहिश, क्या दिल में है, विवाह, जय माँ वैष्णो देवी, प्रगति, कभी तो मिल के सब बोलो, 'साथ-साथ', बंधन टूटे ना, जैसे तमाम बहुचर्चित धारावाहिक मुख्य रूप से शामिल है। यह स्टार प्लस, सोनी टीवी, जी टीवी, कलर्स, सोनी सब टीवी, सोनी पल, सहारा वन, नाइन ऐक्स, एनडीटीवी इमेजन, जी गंगा, और दूरदर्शन नेशनल चैनल सभी देश के बड़े चैनल्स के नामी गिरामी चैनल्स के चर्चित धारावाहिकों का सफल निर्देशन कर चुके हैं और वर्तमान समय में भी वह जी गंगा चैनल का, 'बंधन टूटे ना' जैसे कई डेली शो और 'हंगामा प्ले' व एमएक्स प्लेयर की एक कॉमिडी वेब सीरीज 'थोड़ी सी शादी कर ले' का निर्देशन भी कर रहे हैं।

विजय के सैनी के अनुसार आज के आधुनिक दौर में प्रोफेशनल एक्टिंग ट्रेनिंग बहुत है। छात्र -छात्राएं में जो 'बी.के.एस. फिल्म एकेडमी' से जुड़ना चाहते है वो सीधे वीकेएस फिल्म अकादमी डॉटकॉम पर जा सकते है। अकादमी के छात्रों को बॉलीवुड के जाने-माने एडिटर डायरेक्टर जावेद सैयद और कैमरा एक्टिंग पढ़ा रहे हैं और साथ ही में अमित पाठक थिएटर के जाने-माने एक्टर और डायरेक्टर हैं यह भी सिखा रहे है।



# हार्दिक बधाई



सुश्री डिम्पल गहलोत

सुपुत्री मदनजी गेहलोत मुम्बई के कॅब्रिज A S Leval IGCSE Bord Business Country Topper आने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



संजना सैनी (RPS)


समाज की दबंग पुलिस अधिकारी संजना सैनी एडिशनल एस.पी बनने पर बहुत हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।



सुश्री यामिनी सोलंकी सुपुत्री गीता देवी – बाबूलाल जी सोलंकी का असिस्टेंट प्रोफेसर (एबीएसटी) के पद पर चयन होने के साथ ही पूरे राजस्थान में 50 वी रैंक हासिल कर परिवार व समाज का नाम रोशन किया।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित नेट 2020 मे भी यामिनी ने जूनियर रिचर्स फेलोशिप प्राप्त की थी। वर्तमान में राजस्थान विश्वविद्यालय से डाक्ट्रेट कर रही हैं। बिटिया को हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले आदरणीय श्रीमान राजेंद्र जी परिहार को हार्दिक बधाई



सेवा के पर्याय, मिलनसार एवं सभी के चहेते हमारे आदरणीय श्रीमान राजेंद्र जी परिहार को राजस्थान सरकार द्वारा श्रम एवं बाल दुर्व्यवहार समिति के सदस्य बनाएं जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत ने नवजीवन संस्थान में आपके द्वारा अनाथ असहाय बच्चों को नया जीवन देने के अनुकरणीय कार्य से प्रेरित हो आपको यह दायित्व सौंपा है उसके लिए जननायक का आभार।



## युवा जेयस्थी सैनी बनी भाभा परमाणु अनुसंधान की वैज्ञानिक

सुश्री जेयस्थी माली सुपुत्री हेमेंद्र माली का भारत के प्रतिष्ठित संस्था भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई (BARC) में वैज्ञानिक पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

समाज की बेटी के देश के अति महत्वपूर्ण प्रतिष्ठित संस्था में चयन की इस उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है।

## उत्कृष्ठ कार्य के लिए भवजीत सैनी सम्मानित



अजमेर। ग्रेटेस्ट जीनियस अवार्ड अजमेर इंडिया न्यूज राजस्थान द्वारा पैराडाइजो रिसोर्ट, अजमेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोरोना काल के दौरान और सामाजिक क्षेत्र और गाय में हुई लंबी नमक बीमारी के के गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इंडिया न्यूज राजस्थान के हेड मनु शर्मा ओर अजमेर डेयरी चेयरमैन रामचंद्र चौधरी के द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भवजीत सैनी वर्तमान में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है।

## रामअवतार टांक दूसरी बार बने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष



टोंक। जिला माली (सैनी) समाज जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाजिक सेवा में हमेशा आगे रहने वाले रामअवतार टांक को माली (सैनी) समाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

माली (सैनी) समाज जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने समाजसेवी रामअवतार टांक को माली को जिलाध्यक्ष नियुक्त करते हुए अपने पद की मरिमा के अनुकूल समाज को संगठित बलशाली एवं समृद्धि करने तथा सामाजिक समस्याओं को सुलझाने और सक्रियता के साथ समाज के युवाओं में एक सकारात्मक संदेश देने पर जोर दिया।

गौरतलब है कि रामअवतार टांक पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश सिंह आर्यवीर की कार्यकारिणी में भी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रहकर समाजोत्थान के कार्य किए है। रामअवतार टांक के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने पर युवाओं में खुशी की लहर है। हम सभी राम अवतार टाक को हार्दिक बधाई प्रेषित करते है।

# माली सैनी सन्देश






## ही क्यों ?

**क्योंकि ?**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि ?**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षों से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

दो वर्ष रू. 600/– | 5 वर्ष रू. 1,500/– | आजीवन रू. 3,100/–

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन /मोबाईल ____________ ई–मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |
| **INNER COLOR** | |
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01
मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

# संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज के 6वें पाटोत्सव की झलकियां























प्रेषण तिथि : 28/29 दिसम्बर, 2022
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 28 दिसम्बर 2022
Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर



सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म के वादे के साथ
जननायक परम आदरणीय

# श्री अशोक गहलोत

के संवेदनशील, जवाबदेही सरकार के
4वर्ष पूर्ण होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं


शुभेच्छु : माली सैनी सन्देश परिवार

युवा राजनेता

# श्री प्रवीण गोरधन भाई माली

के डीसा गुजरात विधानसभा चुनाव
में ऐतिहासिक जीत पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छु : माली सैनी सन्देश परिवार





# श्री वैभव गहलोत

के राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन
के निर्विरोध चेयरमैन निवार्चित
होने पर हार्दिक बधाई

शुभेच्छु : माली सैनी सन्देश परिवार

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR